# DOON UNIVERSITY
## NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

# स्वस्थ कार्य संस्कृति जरूरी: सुरेखा

**कार्यशाला**

- दून विवि में टू क्रिएट हैप्पी एंड हेल्थी वर्क प्लेस इन्वायरमेंट पर कार्यशाला
- कार्यशाला में कॉलेज के शिक्षणेत्तर कर्मियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

देहरादून, कार्यालय संवाददाता। दून विश्वविद्यालय में रविवार को आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की ओर से गैर-शैक्षणिक कर्मियों के लिए टू क्रिएट हेप्पी एंड हेल्थी वर्क प्लेस इन्वायरमेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विश्वविद्यालय की कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में कार्यरत प्रत्येक कर्मी का महत्वपूर्ण योगदान हैं। एक शिक्षक तभी शिक्षण कार्य संपन्न कर पाता है, जब व्याख्यान कक्ष समय पर खुले, उसकी साफ-सफाई समय पर हो। इसके लिए विश्वविद्यालय के गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की कार्य संस्कृति की स्वस्थ परंपरा, प्रसन्नचित्त वातावरण कार्यरत कर्मियों के मानसिक और शाररिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसका असर परिवार और समाज पर भी दिखता है। कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने कहा कि यदि हम सभी कर्मी विवि अधिनियम एवं परिनियमावली के अनुसार अपने कार्यों को संपादित करते हैं तो हमारे कार्य संस्कृति में पारदर्शिता होगी। कुलसचिव दुर्गेश डिमरी ने कहा कि हमें विवि को परिवार की तरह समझकर टीम भावना की संस्कृति को प्रोत्साहित करना चाहिए। मौके पर प्रो. रीना सिंह, प्रो. एचसी पुरोहित, देवेंदु रावत, रोहित जोशी, शुभम नौटियाल, एमएन चमोली, शिल्पी तिवाड़ी, मुकुल बहुगुणा, अभिनव जोशी, पल्लवी बिष्ट मौजूद थे।

News paper – Hindustan
Date – 27.08.2024